दिन– सोमवार दिनांक– 11 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राजगीर में आज से महिलाओं की एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी शुरु हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह नवम्बर को दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए घर घर दिया जा रहा है न्योता।

03. विधानसभा की चार सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। सभी पार्टियों ने झोंकी ताकत।

04. और, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ दिलायेंगी।

अब समाचार विस्तार से........

---

नालंदा जिले के राजगीर में आज से महिलाओं की एशियाई हॉकी चौम्पियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता शुरु हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शाम दस दिनों की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमें बेहद उत्साहित हैं।

–––बाईट–––

श्री शंकरण ने इस बात का भी उल्लेख किया़ कि बिहार पहली बार इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में पूर्वी भारत में बिहार को खेलों का प्रमुख केंद्र बनाना है।

–––बाईट–––

श्री शंकरण ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के अतिरिक्त चीन, जापान, मलेशिया, कोरिया और थाईलैंड जैसी एशिया की प्रमुख हॉकी टीमें भाग ले रही हैं। यह

प्रतियोगिता बीस नवंबर को संपन्न होगी। भारतीय टीम प्रतियोगिता में आज अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इधर, आज भारत का पहला मुकाबला मलेशिया से होगा। इसके साथ ही जापान और दक्षिण कोरिया तथा चीन और थाइलैंड के बीच मुकाबला होगा। आज तीन मैच खेले जायेंगे। एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्तसाहित भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे पास बेहतरीन टीम है, जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस स्पर्धा में भारत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह नवम्बर को दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने शिलान्यास स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सत्रह सौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे।

———बाईट———

एम्स के शिलान्या कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों को घर–घर न्योता दिया जा रहा है। जिसे लेकर मिथिलांचलवासियों में उत्साह है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन सुरक्षा के चुस्त–दुरूस्त प्रबंधन को सुनिश्चित करने में लगा है। एम्स का निर्माण शोभन बाइपास के पास हो रहा है।

————————————————————————————

वहीं, मिथिलांचल के लोगों को एक और सौगात मिलने वाली है। दरभंगा में ही तेरह नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झंझारपुर–लोकहा रेलखंड का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही झंझारपुर–लोकहा रेलखंड पर रेल सेवा शुरू हो जाएगी। श्री मोदी इस अवसर पर दरभंगा से पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी पंद्रह नवम्बर को जमुई जिले के बेल्लोपुर आएंगे। यहां वे ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे और जनजातीय गौरव दिवस समारोह में भाग लेंगे। इस संबंध में

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने बताया कि केंद्र सरकार के सत्ताईस मंत्रालय समन्वित रूप से जनजातीय गांवों के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

-----बाईट---

---------------------------------------

देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती आज शिक्षा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित शिक्षा पुरस्कार समारोह का उद्घाटन शिक्षा मंत्री सुनील कुमार करेंगे। इस दौरान कई शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज ही पटना के पुनाईचक में मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम पर नवनिर्मित पार्क का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान मौलाना अबुल कलाम आजाद को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

---------------------------------------

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए आज शाम चार बजे प्रचार थम जाएगा। इन क्षेत्रों में तेरह नवम्बर को मतदान होगा। सभी चार सीटों पर एनडीए और महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर है। इधर, प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान चरम पर है। एनडीए के सभी घटक दल भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार में जुटे हुये हैं। इससे पूर्व कल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इमामगंज में चुनावी सभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने बेलागंज में जदयू प्रत्याशी के पक्ष में भी प्रचार किया। इधर, रामगढ निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार किया। महागठबंधन के नेताओं ने तरारी, इमामगंज और बेलागंज में कई स्थानों पर जनसंपर्क चलाया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि चारों सीटों पर महागठबंधन की स्थिति काफी मजबूत है। वहीं रामगढ़ में राजद प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व मंत्री और सांसद सुधाकर सिंह ने सभा को संबोधित किया।

---------------------------------------

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज सर्वोच्च न्यायालय के इक्यावनवें प्रधान न्यायाधीश की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में आज सुबह उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो रविवार को सेवानिवृत हो गए।

———————————————————————

छठ महापर्व संपन्न होने के बाद अपने काम पर लौटने वाले प्रवासी बिहारियों की भीड़ स्टेशनों पर उमड़ रही है। अपने गंतव्य को जाने के लिए लोग गाड़ियों का इंतजार कर रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे आठ से बाईस नवम्बर के बीच चार सौ छियालीस विशेष ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे भी लगातार विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। विशेष ट्रेनों को लेकर यात्रियों में खासा उत्साह है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यात्रियों ने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को स्वागत योग्य कदम बताया है और रेलवे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

प्रदेश के एक हजार पांच सौ अस्सी पैक्सों के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। पहले चरण के नामांकन फॉर्म तेरह नवम्बर तक भरे जायेंगे, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि उन्नीस नवम्बर है। मतदान छब्बीस नवम्बर को होगा।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में सुबह और शाम हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर पश्चिम हवा का प्रवाह बढ़ने से गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि चौदह नवम्बर के बाद प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव हो सकता है।

———————————————————————

पटना में आयोजित चौदहवीं तक्षशिला राष्ट्रीय गंगा नदी तैराकी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का खिताब बिहार की प्राची पल्लवी साहू ने जीत लिया, जबकि पुरूष वर्ग का खिताब पश्चिम बंगाल के गौरव कावेरी के नाम रहा।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने एशियाई महिला हॉकी से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – एशिएन महिला हॉकी का आगाज आज। बीस नवम्बर को फाइनल मुकाबला।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – नीट में खत्म होंगे अनगिनत माके, चार बार ही दे सकेंगे परीक्षा।

दैनिक भास्कर लिखता है – विश्वविद्यालय कॉलेजों में शिक्षकों की भर्ती के नियम बदलेंगे।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – दो हजार पच्चीस के चुनाव से पहले बारह लाख को देंगे सरकारी नौकरी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. राजगीर में आज से महिलाओं की एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी शुरु हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे।
02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेरह नवम्बर को दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए घर घर दिया जा रहा है न्योता।
03. विधानसभा की चार सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। सभी पार्टियों ने झोंकी ताकत।
04. और, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ दिलायेंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।